(c) There is no provision under the Special Marriages Act, 1954 under which the applicant has to declare his/her caste, religion and the State to which he/she belongs.

अनाथ बच्चों को सहायता

4188. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अयोध्या कांड के परिणामस्वरूप अनाथ हुये बच्चों को नेशनल फाउंडेशन के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराने का कोई प्रावधान है ; और

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक राज्य में ऐसे कितने बच्चों का पता चला है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. एम. सईद) : (क) जी हां, श्रीमान् । नेशनल फाउंडेशन की, दिनांक 24-7-1991 के बाद सांप्रदायिक दंगों में निराश्रित हुये बच्चों की सहायता करने की एक योजना है ।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार, दिल्ली में सीलमपुर में हुये दंगों से प्रभावित 16 बच्चों को इस योजना के अधीन सहायता स्वीकृत की गई है । अन्य राज्यों में इस प्रकार के प्रभावित बच्चों की पहचान का कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रगति पर है ।

सांप्रदायिक दंगों से प्रभावित क्षेत्रों के लिए धनराशि का आवंटन

4189. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सांप्रदायिक दंगों से प्रभावित क्षेत्रों के लिये धनराशि आवंटित करते समय स्थानीय प्रतिनिधियों से परामर्श नहीं किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) ऐसे क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को सहायता उपलब्ध कराते समय स्थानीय प्रतिनिधियों से परामर्श करने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. एम. सईद) : (क) से (ग) लोक व्यवस्था बनाये रखने का विषय राज्य सरकार का है जैसा कि संविधान की सातवीं अनुसूची-II (राज्य सूची) में दिखाया गया है । राज्य सरकार द्वारा राहत उपलब्ध कराई जाती है । सहायता किस प्रकार दी जानी है और इस बारे में किन व्यक्तियों/एजेंसियों से परामर्श करना है, इसका निर्णय राज्य सरकारें करती हैं ।

Revelations by M/s Aisha Firdos

4190. SHRIMATI VEENA VERMA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the recent arrest of M/s. Aisha Firdos Andrabi, the Chief of banned militant organisation of women of Kashmir, Dukhieran-e-militant and her husband have revealed any fresh information about any missing links in the modus operandi of Pak-backed Jammu and Kashmir militants;

(b) if so, the details of the fresh revelations; and

(c) whether further steps are being taken to liquidate the activities of the militants?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI RAJESH PILOT): (a) and (b) The case relating to Mrs. Aisha Firdos Andrabi and her husband is still under investigation, and therefore, it will be premature to disclose any information at this stage.